अर्पण 2025

# महात्मा गाँधी सेवा लीग

SWACHHATA HI SEVA 2025
17 September - 2 October 2025

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME



प्रेरणा स्त्रोत
**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**
मा० कुलाधिपति एवं मा० राज्यपाल
उत्तर प्रदेश



## वार्षिक आख्या-2025

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय)

# विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के कार्यक्रम की झलकियां







# अर्पण 2025

राष्ट्रीय सेवा योजना

## स्मारिका समिति


**डॉ0 श्याम मिश्रा**
समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना

डॉ0 अजय कुमार | डॉ0 चन्द्र सौरभ | सुश्री कनिका बजाज


## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

# राष्ट्रीय सेवा योजना

# महात्मा गांधी सेवा लीग








## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय)

# राष्ट्रीय सेवा योजना गीत

होंगे कामयाब, होंगे कामयाब,
हम होंगे कामयाब, एक दिन
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

हम चलेंगे साथ–साथ, होंगे हाथों में हाथ,
हम चलेंगे साथ–साथ, एक दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

होगी शान्ति चारों ओर, होगी शान्ति चारों ओर ओ,
होगी शान्ति चारों ओर, एक दिन ।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

सत् से होंगे आजाद, सत् से होंगे आजाद,
सत् से होंगे आजाद, एक दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

हमें डर नहीं है आज, हमें डर नहीं है आज,
हमें डर नहीं है आज के दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयाँ

- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 1
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 2
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 3
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 4
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 5
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 6
- क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कानपुर नगर
- वीएसएसडी कॉलेज, कानपुर नगर
- डी.ए.वी. कॉलेज कानपुर कानपुर नगर
- दयानंद गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, कानपुर नगर
- डीबीएस कॉलेज, कानपुर नगर
- डॉ राम मनोहर पीजी कॉलेज, कानपुर नगर
- डॉ. वीरेंद्र स्वरूप इंस्टी0 ऑफ प्रो0 स्टडीज, कानपुर नगर
- हलीम मुस्लिम पी.जी. कॉलेज, कानपुर नगर
- हरसहाय पी.जी.कॉलेज, कानपुर नगर
- जागरण कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स, कानपुर नगर
- कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय, कानपुर नगर
- महिला महाविद्यालय किदवई नगर, कानपुर नगर
- मुलायम सिंह डिग्री कॉलेज, कानपुर नगर
- पटेल डिग्री कॉलेज, कानपुर नगर
- पीपीएन (पीजी) कॉलेज, कानपुर नगर
- पीएसआईटी कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, कानपुर नगर
- राम सहाय राजकीय डिग्री कॉलेज, कानपुर नगर
- रामा विश्वविद्यालय, मंधना, कानपुर नगर
- अर्मापुर पी. जी. कॉलेज, कानपुर देहात
- ए.एन.डी.एन.एन.एम. महाविद्यालय (इकाई द्वितीय), कानपुर नगर
- एलन हाउस बिजनेस स्कूल, कानपुर नगर
- ब्रह्मानंद कॉलेज, कानपुर नगर
- ब्रह्मावर्त पी.जी कॉलेज, मंधना, कानपुर नगर
- जुहारी देवी गर्ल्स पी.जी. महाविद्यालय, कानपुर नगर
- ए.एन.डी.एन.एन.एम. महाविद्यालय (इकाई प्रथम), कानपुर नगर
- एस एन सेन बी वी पी जी कॉलेज, कानपुर नगर
- एम ए के आजाद फैज–ए–आम महाविद्यालय, कानपुर देहात
- अकबरपुर डिग्री कॉलेज, अकबरपुर, कानपुर देहात
- आर.जी. महाविद्यालय, कानपुर देहात
- गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात
- श्रीमती राम दुलारी, कानपुर देहात
- आर.एस.जी. महाविद्यालय, पुखराँया, कानपुर देहात
- सरला द्विवेदी, कानपुर देहात
- इंदिरा गांधी राजकीय पी जी कॉलेज, बांगरमऊ, ,उन्नाव
- डीएसएन पीजी कॉलेज, उन्नाव
- एसजी पीजी कॉलेज, उन्नाव
- सुन्दरलाल पीजी कॉलेज, पुरवा, उन्नाव
- बाबू जयशंकर गया प्रसाद पी.जी. कॉलेज, उन्नाव,
- जनता महाविद्यालय, अजीतमल, औरैया
- तिलक महाविद्यालय, औरैया
- वीजीएम कॉलेज दिबियापुर, औरैया
- रामकुमार भारती स्नातकोत्तर महाविद्यालय, औरैया
- सीएच. सुघर सिंह एजूकेशनल एकेडमी, जसवंत नगर, इटावा
- चौधरी चरण सिंह पी.जी. कॉलेज, हैबरा, इटावा
- के.के.पी.जी. कॉलेज, इटावा
- श्रीतिरुपति बाला जी महाविद्यालय, इटावा
- जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा
- पी. आर. गवर्नमेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, इटावा
- पी.एस.एम.पी.जी. कॉलेज, कन्नौज
- अविका डिग्री कॉलेज, कन्नौज
- ग्लोबल एजूकेशन महाविद्यालय, कन्नौज
- नेहरू महाविद्यालय छिबरामऊ, कन्नौज
- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
- राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर, कन्नौज
- एल वाई डिग्री कॉलेज, कायमगंज, फर्रुखाबाद
- भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद
- चुन्नी देवी राज नारायण मेमोरियल महाविद्यालय, फर्रुखाबाद
- दुर्गा नारायण पीजी कॉलेज, फर्रुखाबाद
- मान्यवर कांशीराम सरकार. डिग्री कॉलेज, फर्रुखाबाद
- विद्या मंदिर डिग्री कॉलेज, कायमगंज, फर्रुखाबाद
- आरपी कॉलेज, कमालगंज, फर्रुखाबाद

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर - 208024
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
यू.जी.सी. श्रेणी - I विश्वविद्यालय
Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur - 208024
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
U.G.C. Category - I University

प्रो. विनय कुमार पाठक
कुलपति
Prof. Vinay Kumar Pathak
Vice Chancellor

09 सितम्बर, 2025



## शुभ सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि **राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर** द्वारा **''महात्मा गांधी सेवा लीग''** के अंतर्गत किए गए विविध रचनात्मक एवं जन कल्याणकारी कार्यों का संकलन करते हुए वार्षिक स्मारिका–2025 का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेरा पूर्ण विश्वास है कि यह स्मारिका एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की सेवा भावना, सामुदायिक सहभागिता, रचनात्मकता और राष्ट्र–निर्माण की यात्रा को अभिव्यक्त करने तथा उन्हें नई प्रेरणा प्रदान करने का कार्य करेगी।

''Not Me-But You''की भावना को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज में संवेदनशीलता, नेतृत्व क्षमता और मानवीय मूल्यों के साथ राष्ट्रहित में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं, जो वास्तव में सराहनीय है।

मैं आप सभी स्वयंसेवकों, स्वयंसेविकाओं एवं सहयोगियों को आपकी निस्वार्थ सेवा, अनुकरणीय समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए हृदय से बधाई देता हूँ तथा आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूँ।

प्रो0(विनय कुमार पाठक)
*कुलपति*

कार्यालय/Office : +91-512-2585280 वेबसाइट/Website : www.csjmu.ac.in ई मेल/E-mail : vc@csjmu.ac.in vcocsjmu@gmail.com

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग
रा.से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय
उत्तर प्रदेश एंव उत्तराखंड
लखनऊ

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Youth Affairs & Sports
Department of Youth Affairs
Regional Directorate of NSS
Uttar Pradesh & Uttarakhand
Lucknow

स० 15-01/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2025-26/ 4388 दिनांक: जुलाई 15, 2025

## प्रशस्ति पत्र

**भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय** के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक महत्व के कार्यक्रमों का उत्कृष्ट संचालन **आपके कुशल नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन** में राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा किया जा रहा है।

राष्ट्रीय युवा छात्र संसद, दिवाली माय भारत वाली, मेरी माटी मेरा देश, अमृत कलश यात्रा, महिला सशक्तिकरण अभियान जैसे प्रेरणादायक आयोजनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जाग्रत किया गया।

आपके कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जनपदों — कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कन्नौज — की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के माध्यम से मंत्रालय द्वारा निर्देशित समस्त कार्यक्रमों का सुचारु एवं प्रभावशाली आयोजन किया जा रहा है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं माय भारत पोर्टल के समुचित प्रयोग में आपकी कार्यकुशलता एवं प्रतिबद्धता अत्यंत सराहनीय रही है। आपकी प्रेरक नेतृत्वशैली, योजनाओं के प्रभावशाली क्रियान्वयन एवं युवाओं में नवचेतना जाग्रत करने की आपकी प्रतिबद्धता ने उत्तर प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठों में एक विशिष्ट स्थान सुनिश्चित किया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना हेतु आपके अप्रीतम योगदान, कुशल कार्यशैली, दक्षता एवं समर्पण के लिए आप बधाई के पात्र है। राष्ट्रीय सेवा योजना को नई दिशा और ऊंचाई प्रदान कराने में आपका विशेष योगदान सराहनीय है।

हम आपके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते है।

समर दीप सक्सेना
क्षेत्रीय निदेशक

डॉ. श्याम मिश्रा
समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना
छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

8वाँ तल, हाल नं०-1, केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ-226024 (ऊ०प्र०)
8th Floor, Hall No.-1, Kendriya Bhawan, Aliganj, Lucknow-226024 (U.P.)
E-mail : nssrc.lu-up@gov.in, nssrclucknow@gmail.com दूरभाष/Telephone No.: 0522-2337066/4079533
X NSSRDUPUK uttarpradeshnss uttarakhandnss nssrdlucknow nssrdlucknow

# समन्वयक की कलम से...

## वार्षिक आख्या

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के अंतर्गत वर्तमान में 67 इकाइयां संचालित है जिसमें छः इकाई विश्वविद्यालय परिसर में तथा 61 इकाइयां विभिन्न जनपदों के संबद्ध महाविद्यालय में संचालित है वर्तमान में कुल 5600 छात्र इस योजना से जुड़े हैं शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक इकाई ने एक चयनित ग्राम बस्ती मे सेवा कार्य करने हेतु चुना है गत वर्ष 46 इकाइयों द्वारा एकदिवसीय एवं सात दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन चयनित ग्राम बस्ती में किया गया जिसमें लगभग 2200 स्वयंसेवकों ने चयनित ग्राम बस्ती से जुड़कर सामुदायिक सेवा कार्य में निरंतर संलग्न है।

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के द्वारा निर्देशित विशेष कार्यक्रमों में जैसे मेरी माटी मेरा देश, कलश यात्रा, हर घर तिरंगा, स्वच्छता से सेवा की ओर, साथ–साथ प्रत्येक चयनित बस्ती में कुशल चिकित्सकों के सहयोग से चिकित्सा शिविर लगाए गए जो कि यह निरंतर सतत प्रक्रिया है मंत्रालय द्वारा निर्देशित 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त इकाइयों ने 46 राजकीय चिकित्सालय में प्रतिदिन 5 स्वयंसेवकों के द्वारा जरूरतमंद मरीजों की सहायता कार्य हेतु अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। माननीय कुलपति जी द्वारा निर्देशित समस्त इकाइयों हेतु विशेष अभियान के तहत महात्मा गांधी सेवा लीग की स्थापना 2 अक्टूबर 2023 को प्रारंभ की गई जो की अनवरत प्रारंभ है इसके अंतर्गत **''भिक्षावृत्ति से शिक्षाव्रत की ओर''**, स्वभाव–स्वच्छता ,संस्कार स्वच्छता जैसे अन्य सामुदायिक कार्यों को स्वयं सेवकों द्वारा निरंतर किया जा रहा है। विश्वविद्यालय स्तर पर महात्मा गांधी सेवा लीग पोर्टल बनाया गया जिसमें प्रत्येक इकाई द्वारा अपनी समस्त गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड करने की व्यवस्था की गई जिसका समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के माध्यम से मूल्यांकन किया जाता है। इसके अतिरिक्त समस्त इकाइयों द्वारा की जा रही गतिविधियों को भारत सरकार द्वारा निर्देशित माय भारत पोर्टल पर सभी गतिविधियों को अपलोड करना अनिवार्य कर दिया गया है।

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त इकाइयों द्वारा चयनित ग्राम बस्ती में एक साथ प्रातः 7:00 बजे योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें लगभग 2100 स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्देशित फाइलेरिया उन्मूलन के तहत चयनित बस्ती में सामुदायिक स्वास्थ्य केदो के माध्यम से लगभग 3250 व्यक्तियों को खुराक उपलब्ध कराई गई। 26 जनवरी 2025 को विश्वविद्यालय द्वारा झाँकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में कानपुर नगर के 21 इकाईयों ने प्रतिभाग किया। झाँकी का मुख्य शीषर्क महाकुंभ 2025 था।

हर्ष के साथ यह भी अवगत कराना है कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के 6 चयनित स्वयंसेवकों ने पर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2024 रांची एवं 1 जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक एक स्वयंसेवक का गणतंत्र दिवस परेड शिविर में प्रतिभाग करने हेतु चयन किया गया।

राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकीकरण शिविर बरेली में 04 स्वयंसेवकों एवं 10 स्वयंसेवक के साथ जयपुर एवं एवं पुनः 05 स्वयंसेवकों के साथ भुवनेश्वर उड़ीसा में स्वयंसेवकों के अतिरिक्त पृथक पृथक शिक्षकों द्वारा क्षेत्रीय निदेशालय द्वारा निर्देशित उत्तर प्रदेश के दलनायक रूप में प्रतिभाग किया विश्वविद्यालय द्वारा छात्र युवा संसद का आयोजन किया गया मेरिट वरीयता के आधार पर 10 स्वयंसेवकों का चयन कर राज्य स्तर पर प्रतिभाग कराया गया। विश्वविद्यालय स्तर पर समय–समय पर इकाई स्तर पर स्वयंसेवकों को उत्साहवर्धन करने हेतु पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाते रहे हैं तथा कार्यों का वार्षिक मूल्यांकन के उपरांत प्रतिवर्ष 4 स्वयंसेवकों को कर्मवीर पुरस्कार तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन कार्यक्रम अधिकारियों को गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार तथा श्रेष्ठ इकाइयों सेवा कार्य करने वाले इकाइयों को स्वामी विवेकानंद पुरस्कार निरंतर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदान की जाने की सतत प्रक्रिया है।

**–डॉ0 श्याम मिश्रा, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना**

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सामान्य परिचय

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् राष्ट्रीय पुनर्निर्माण हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कमजोरियों को दूर करने एवं उसमें गुणात्मक परिवर्तन लाने तथा छात्रों को पूर्णतः राष्ट्र सेवा में लगाने के निमित्त कई आयोग गठित हुए, जिन्होंने शिक्षा को रचनात्मक आयाम देने के लिए अपनी–अपनी संस्तुतियां दीं। विश्वविद्यालय आयोग के अध्यक्ष के रूप में डॉ० राधाकृष्णन ने सुझाव दिया कि शैक्षिक संस्थाओं में छात्र राष्ट्रीय सेवा को स्वैच्छिक रूप से शुरू करें, जिससे विद्यालय परिसर और समाज एक सृजनात्मक सूत्र से जुड सकें। 1950 में उच्च शिक्षा हेतु गठित केन्द्रीय सलाहकार समिति ने सिफारिश की कि छात्रों को स्वेच्छा से शारीरिक श्रम न में लगना चाहिए एवं शिक्षकों को उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। 1958 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू ने समाज सेवा के कार्य को स्नातक पूर्व की आवश्यकता बताया। 1959 में डॉ० देशमुख की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय सेवा समिति ने सिफारिश की कि महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्रों को राश्ट्रीय सेवा करना अनिवार्य कर दिया जाय। भारत सरकार के अनुरोध पर 1960 में प्रो० कं० जी० सैयद्दीन ने विश्व के कई देशों का दौरा करके "युवाओं के लिए राष्ट्रीय सेवा" नामक आख्या प्रस्तुत की। 1964 से 1968 के बीच में डॉ० दौलत सिंह कोठारी की अध्यक्षता में गठित शिक्षा समिति ने सभी स्तरों के छात्रों को समाज सेवा से जोडने की सिफारिश की। राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्रियों की बैठक अप्रैल, 1967 में एन. सी. सी. के विकल्प के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना को संचालित करने का सुझाव दिया। सितम्बर, 1967 में इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों की एक गोष्ठी हुई, जिसमें एक समिति के गठन का प्रस्ताव पारित हुआ, साथ ही साथ भारत सरकार के नीति में राष्ट्रीय सेवा को शिक्षा का मौलिक आधार माना गया।

स्वतंत्रता के बाद से ही इस दिशा में किये गये प्रयासों एवं सुझावों को मूर्तरूप देते हुए 24 सितंबर, 1969, को भारत सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री बी० के० आर० बी० राव ने राष्ट्रीय सेवा योजना को 37 विश्वविद्यालयों में एक पायलट परियोजना के रूप में क्रियान्वित कराया एवं उस वर्ष यह योजना 40,000 स्वयंसेवकों के साथ प्रारम्भ हुयी। वर्तमान में यह योजना भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ध्वजवाहक योजना के रूप में देश के 32,00,000 युवाओं का विशालतम संगठन है, जिसमें राज्यों की सक्रिय सहभागिता है। वर्तमान वर्ष 2022–23 में इस योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 44 विश्वविद्यालयों एवं 11 मण्डलों में लगभग 3,21,000 छात्र विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक गतिविधियों में कार्य कर रहे हैं।

## लक्ष्य एवं उद्देश्य

**लक्ष्यः** सामुदायिक सेवा के माध्यम से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना।

**उददेश्यः**

1. जिस समुदाय में स्वयंसेवक कार्य करते हैं उस समुदाय को समझना।
2. अपने समुदाय के परिप्रेक्ष्य में स्वयं को समझना।
3. समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं की पहचान करना और उनके समाधान की प्रक्रिया में सम्मिलित होना।
4. स्वयंसेवकों में सामाजिक व नागरिक दायित्व बोध विकसित करना।
5. व्यक्तिगत तथा सामुदायिक समस्याओं के निदान में अपने व्यावहारिक ज्ञान का उपयोग करना।
6. सामूहिक जीवन और जिम्मेदारी में सहभाग की योग्यता विकसित करना।
7. सामूहिक भागीदारी को सक्रिय करने की कुशलता प्राप्त करना।
8. नेतृत्व क्षमता व लोकतांत्रिक प्रवृत्ति अर्जित करना।
9. आपातकाल व प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए क्षमता विकसित करना।
10. राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सौहार्द्र का अभ्यास करना।

# ध्येय वाक्य, प्रतीक चिन्ह एवं बैज

## 'NOT ME BUT YOU'
## 'मुझे नहीं आपके लिये'

राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य यह बताता है कि हम दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करने वाले बनें तथा दूसरों को सम्मान व श्रेय देने वाले बनें। यह प्रजातांत्रिक ढंग से रहने के साथ–साथ निःस्वार्थ की आवश्यकता पर बल देता है। यह प्रदर्शित करता है कि व्यक्ति का कल्याण सम्पूर्ण समाज के कल्याण पर ही निर्भर है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह एवं बैज

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क सूर्य मन्दिर के रथ चक्र पर आधारित है जो निरन्तरता और परिवर्तन का द्योतक है। यह चिन्ह राष्ट्रीय सेवा योजना के बैज पर उत्कीर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज की सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए उसे लगाते हैं। कोणार्क के सूर्य मन्दिर के रथ में 24 पहिये हैं जो सम्पूर्ण दिन के 24 घण्टों का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रत्येक पहिये में 8 तीलियां हैं जो 8 पहर दर्शाती हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना का बैज, धारण करने वाले को यह याद दिलाता है कि वह राष्ट्र सेवा के लिए दिन–रात अर्थात 24 घण्टे (आठों पहर) तत्पर रहे। बैज में जो लाल रंग है वह इस बात का संकेत करता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में पूरा उत्साह है और वे जीवन्त है, सक्रिय है और उनके स्फूर्ति है। गहरा नीला रंग उस ब्रह्माण्ड की ओर संकेत करता है जिसका राष्ट्रीय सेवा योजना एक छोटा सा अंश है और जो मानव मात्र का कल्याण करने के लिये अपना अंशदान करने को तैयार है। बैज का सफेद रंग शान्ति का प्रतीक है, जो धारण करने वालो को बिना विवाद के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्य में सदैव तत्पर रहने की प्रेरण देता है।

# स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं के क्रियाकलाप

### शिक्षा एवं मनोरंजन के क्षेत्र में जैसे:

काम चलाऊ अक्षर का ज्ञान कराना, स्कूल छोड़ देने वालों को शिक्षित करना, सांस्कृतिक गतिविधियां, युवा क्लबों का गठन, ग्रामीण व देशी खेल का आयोजन, सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन पर चर्चा, जागरुकता के कार्यक्रम।

### आपातकाल के लिए कार्यक्रम (तूफान, बाढ़, भूकम्प, सूखा आदि)

आवश्यक वस्तुओं के वितरण में अधिकारियों को मदद पहुँचाना, स्वास्थ्य अधिकारियों को रोगों की रोकथाम के उपाय करने, टीके लगाने, दवाइयां देने और अन्य सम्बद्ध गतिविधियों में सहायता करना, स्थानीय अधिकारियों को राहत पहुँचाने व बचाने के कार्य में सहायता करना, पुनर्निमाण के कार्य में स्थानीय लोगों की सहायता करना, दान प्राप्त करना व कपड़े एकत्र करना तथा उन्हें प्रभावित लोगों में बांटना।

### पर्यावरण को समृद्ध बनाना तथा उसकी सुरक्षा:

प्राचीन स्मारकों की सुरक्षा और उसकी मरम्मत, सांस्कृतिक विरासत, मन्दिरों की मरम्मत करने के प्रति लोगों को जागरुक बनाना।

स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और पोषक कार्यक्रम, रोगों से बचाने के व्यापक कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रमों में सहयोग, रक्तदान शिविर, जनसंख्या शिक्षा व परिवार कल्याण, रोगियों की मदद, अनाथ और वृद्धों की मदद करना, चिकित्सा, समाज सर्वेक्षण कार्यक्रम।

### समाज सेवा के कार्यक्रम:

महिलाओं के कल्याण संगठनों में काम करना, महिलाओं को बुनाई, सिलाई, कढ़ाई आदि के कार्य में प्रशिक्षण देना, महिलाओं में यह चेतना लाना कि वे अपने अधिकारों का उपयोग किस प्रकार कर सकती हैं, ग्रामों को अभिगृहीत करना, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण करना, लोगों में ग्रामीण विकास के लिए बैंकों की भूमिका के प्रति जागरुकता पैदा करना।

### पर्यावरण को प्रदूषण रहित रखना:

नदियों की सफाई, पानी का विश्लेषण ।

स्थानीय आवश्यकताओं और प्राथमिकता के आधार पर संचालित किये जाने वाले अन्य कार्यक्रम भी समय–समय पर कराए जा सकते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिये जाने वाले प्रमुख पुरस्कार

विश्वविद्यालय/कार्यक्रम अधिकारी/स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करने के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों की व्यवस्था की गयी है।

## (क) इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार :

प्रत्येक वर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किया जाता है—

1. **विश्वविद्यालय/मण्डल**— स्तर पर जिसमें किसी एक विश्वविद्यालय अथवा मण्डल को रु० 02 लाख नकद शील्ड एवं संबंधित कार्यक्रम समन्यवय को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
2. **कार्यक्रम अधिकारी स्तर**— इसमें पूरे देश से 10 कार्यक्रम अधिकारियों एवं उनकी इकाइयों को पुरस्कृत किया जाता है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक कार्यक्रम अधिकारी को रु0 20,000 मेडल व प्रमाण—पत्र तथा संबंधित इकाई को कार्यक्रमों के विकास के लिए रु० 70,000 एवं शील्ड प्रदान की जाती है।
3. **स्वयंसेवक स्तर**— कुल 30 स्वयंसेवकों को इस श्रेणी में चयनित किया जाता है, जिसमें प्रत्येक को रु0 15.000 प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया जाता है।

## (ख) राष्ट्रीय युवा पुरस्कार :

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रा०से०यो० तथा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए ष्राष्ट्रीय युवा पुरस्कारष् प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के रूप में राशि रु0 10,000.00 नकद तथा प्रमाण—पत्र प्रदान किया जाता है। (मेडल एवं शॉल)

## (ग) राज्य पुरस्कार :

विभिन्न राज्यों में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत श्रेष्ठ कार्यक्रम समन्वयकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।

## (घ) विश्वविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार :

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं आवासीय परिसर हेतु तीन श्रेणियों के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं —

1. सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय स्वामी विवेकानन्द पुरस्कार (तीन)
2. सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी को गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार (तीन)
3. सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक/स्वयंसेविका के लिये कर्मवीर पुरस्कार (चार)

# प्रमुख दिवस

अधोलिखित दिवसों पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न गतिविधियां यथा, वृक्षारोपण, संगोष्ठी, रक्तदान, स्वास्थ्य जाँच, जागरुकता रैली, स्वच्छता अभियान, पोस्टर स्लोगन आदि का आयोजन किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वन महोत्सव सप्ताह | 1 जुलाई से 7 जुलाई तक |
| 2. | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त |
| 3. | सद्भावना दिवस | 20 अगस्त |
| 4. | शिक्षक दिवस | 05 सितम्बर |
| 5. | अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस | 08 सितम्बर |
| 6. | स्वच्छता पखवाड़ा | 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर |
| 7. | राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस | 24 सितम्बर |
| 8. | राष्ट्रीय रक्त दान दिवस | 01 अक्टूबर |
| 9. | गाँधी जयन्ती | 02 अक्टूबर |
| 10. | यातायात नियंत्रण दिवस | 24 अक्टूबर |
| 11. | राष्ट्रीय एकता दिवस | 31 अक्टूबर |
| 12. | बाल दिवस | 14 नवम्बर |
| 13. | राष्ट्रीय एकीकरण दिवस | 19 नवम्बर |
| 14. | कौमी एकता पखवाड़ा | 19 नवम्बर से 25 नवम्बर |
| 15. | विश्व एड्स दिवस | 1 दिसम्बर |
| 16. | मानवाधिकार दिवस | 10 दिसम्बर |
| 17. | सुशासन दिवस | 25 दिसम्बर |
| 18. | विवेकानन्द जयन्ती | 12 जनवरी |
| 19. | राष्ट्रीय युवा सप्ताह | 12 से 18 जनवरी |
| 20. | मतदाता दिवस | 25 जनवरी |
| 21. | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी |
| 22. | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 8 मार्च |
| 23. | विश्व पर्यावरण दिवस | 5 जून |
| 24. | विश्व योग दिवस | 21 जून |

# स्वच्छता, मतदाता एवं जल संरक्षण शपथ

## स्वच्छता शपथ

- मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा।
- हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा।
- मैं न गंदगी करूँगा न किसी और को करने दूँगा।
- सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा।
- मैं यह मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव—गांव और गली—गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा।
- मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा।
- वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा।
- मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

## राष्ट्रीय मतदाता शपथ

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## जल संरक्षण शपथ

मैं भारत का जागरुक नागरिक<br>
निष्ठापूर्वक यह शपथ लेता हूँ<br>
कि मैं आज से जल का दुरुपयोग नहीं करूँगा<br>
न ही इसके लिये मैं अपने परिवार ईष्ट मित्रों<br>
एवं अपने आस—पास के लोगों को संरक्षण के लिए<br>
प्रेरित करूँगा।

# राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के स्वंयसेवकों की प्रतिभागिता राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष उपलब्धि

## गणतन्त्र दिवस परेड शिविर, नई दिल्ली

**1 जनवरी से 31 जनवरी 2024**



**बॉबी शाक्य**
छत्रपति शाहू जी
महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर से चयनित




## पूर्व गणतन्त्र दिवस परेड शिविर, बी.आई.टी. पटना, बिहार

**10 नवम्बर से 19 नवम्बर 2024**

- अनन्या पाण्डेय, ब्रह्मानन्द डिग्री कालेज, कानपुर नगर
- शिवांगी मिश्रा, डी.एस.ए. कालेज, उन्नाव
- बॉबी शाक्य, चौधरी चरण सिंह पी.जी. कालेज, इटावा
- सरगम पाण्डेय, पी.पी.एन. कालेज, कानपुर नगर
- फरदीन डी.एस.एन. कालेज, उन्नाव
- मोसेस जोनाथन सिंह, डी–ए.वी. कालेज











अमर उजाला सिटी पेज 5

### सीएसजेएमयू के छह स्वयंसेवक चयनित

सीएसजेएमयू में कुलपति डॉ. पाठक के साथ चयनित स्वयंसेवक। संवाद

कानपुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ की ओर से छत्रपति शाहूजी महाराज विवि स्तरीय चयन प्रक्रिया में छह स्वयंसेवकों को चयनित किया गया है। इनमें पीपीएन कॉलेज की संगम पांडेय, बीएनडी से अनन्या पांडे, चौधरी चरण सिंह कॉलेज हेवरा के बॉबी शाक्य, डीएवी कानपुर से मोसिस जोनाथन सिंह, डीएसएन उन्नाव से शिवांगी मिश्रा और फरदीन गणतंत्र दिवस परेड 2025 में चयन के लिए प्रतिभागिता प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. श्याम मिश्रा ने बताया कि सभी चयनित स्वयंसेवकों को 10 नवंबर से 19 नवंबर तक पटना में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश से 200 स्वयंसेवक भाग लेंगे। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी हैं। (ब्यूरो)



### छह स्वयंसेवकों का हुआ चयन, प्रशिक्षण के लिए पटना रवाना

चयनित स्वयं सेवको के साथ कुलपति।

#### विवि के कुलपति, कुलसचिव ने चयनित स्वयंसेवकों को दी शुभकामनाएं

कानपुर, 9 नवम्बर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ की ओर से छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रक्रिया में छह स्वयंसेवकों को चयनित किया गया है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ श्याम मिश्रा ने बतायाकि सभी चयनित प्रतिभागियों का आगामी 10 नवम्बर से 19 नवंबर तक पटना में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के चयनित 200 स्वयंसेवको को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से चयनित विद्यार्थियों में पीपीएन कॉलेज की संगम पाण्डेय, बीएनडी से अनन्या पांडे, चौधरी चरण सिंह कॉलेज हेवरा के बॉबी शाक्य, डीएवी कानपुर से मोसिस जोनाथन सिंह और डीएसएन उन्नाव से शिवांगी मिश्रा और फरदीन बीआईटी पटना बिहार में प्रतिभाग करते हुए गणतंत्र दिवस परेड-2025 में चयन के लिए अपनी प्रतिभागिता प्रस्तुत करेंगे। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको का दल आज 09 नवम्बर को पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए पटना बिहार के लिए विश्वविद्यालय से रवाना हुआ। विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने सभी स्वयंसेवको को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूरी मेहनत और इमानदारी से प्रतिभाग करते हुए प्रदेश और विश्वविद्यालय का नाम करें। इस अवसर पर विवि के प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी ने सभी स्वयंसेवकों को चयन के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निदेशक सीडीसी प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी, विवि के कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव ने सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को शिविर हेतु बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

# राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के स्वंयसेवकों की प्रतिभागिता
# राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष उपलब्धि

## राष्ट्रीय एकीकरण शिविर

### आयोजन स्थल :— बरेली विश्वविद्यालय परिसर, बरेली (5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2024)

- अनन्या पाण्डे, बी.एन.डी. कॉलेज, कानपुर
- अनुष्का पाण्डेय, पी.पी.एन. कालेज, कानपुर
- गणेश कठेरिया, पी.एस.एम. कालेज, कन्नौज
- रूपेन्द्र यादव, अर्मापुर पी.जी. कालेज, कानपुर




### आयोजन स्थल :— एम.टी. विश्वविद्यालय, जयपुर (3 फरवरी से 9 फरवरी 2024)

- दलनायक उत्तर प्रदेश – **डॉ0 आशीष कुमार गुप्ता, नेहरू कालेज, छिबरामऊ, कन्नौज**

- कीर्ति शुक्ला
- शिवेंद्र पाल
- हुजैफा परवीन
- प्रतीक पटेल
- अनुष्का शुक्ला
- साक्षी यादव
- हिमांशु सिंह
- अंकित बाबू






### आयोजन स्थल :— एस.ओ.ए. विश्वविद्यालय भुवनेश्वर, उड़ीसा (21 फरवरी से 27 फरवरी 2024)

- दलनायक उत्तर प्रदेश – **डॉ0 मनोज कुमार, जनता कालेज, बकेवर, इटावा**

- सौरभ गुप्ता
- विधि चौहान
- मो0 अथर
- दीपांशू अग्रहरि





# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस समारोह

### दिनांक : 25 सितम्बर, 2024

| क्र0सं0 | श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी हेतु गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 रचना त्रिवेदी, डी0एस0एन0 कालेज, उन्नाव | स्वर्ण |
| 2. | डा0 प्रवीन कटियार, सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर इकाई – 05 | रजत |
| 3. | प्रो0 कृष्ण कुमार, पी0पी0एन0 कालेज, कानपुर | कांस्य |

| क्र0सं0 | श्रेष्ठ स्वयंसेवक सेवा कार्य हेतु कर्मवीर पुरस्कार | |
|---|---|---|
| 1. | आशुतोष संखवार, डी0ए0वी कालेज, कानपुर – प्रथम | स्वर्ण |
| 2. | शिवांगी मिश्रा, डी0एस0एन0 कालेज, उन्नाव – द्वितीय | रजत |
| 3. | नन्दिनी दुबे, राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर, कन्नौज – द्वितीय | कांस्य |
| 4. | रूपेन्द्र सिंह, अर्मापुर पी0जी0 कालेज, कानपुर – तृतीय | कांस्य |

| क्र0सं0 | श्रेष्ठ कार्य करने वाली एन.एस.एस. इकाई हेतु स्वामी विवेकानन्द पुरस्कार | |
|---|---|---|
| 1. | डी0एस0एन (पी0जी0) कालेज, उन्नाव – प्रथम | स्वर्ण |
| 2. | चौधरी चरण सिंह पी0जी0 कालेज, हैबरा, इटावा – द्वितीय | रजत |
| 3. | डी0ए0वी0 कालेज, कानपुर – तृतीय | कांस्य |



# महात्मा गांधी सेवा लीग

an initiatve of CSJMU



















**https://applications.csjmu.ac.in/mgsl/**





**Web Portal**



# 2 अक्टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की झलकियाँ
























स्वच्छता
ही सेवा 2024
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर


स्वच्छता
ही सेवा 2024


मुख्य अतिथि
विशिष्ट अतिथि


स्वच्छता
ही सेवा 2024
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर




स्वच्छता
ही सेवा 2024
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना
डा. बी.सी.राय इकाई (पंचम इकाई)


राष्ट्रीय सेवा योजना



# गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय झाँकी प्रतियोगिता-2025















C.S.J.M. ++A UNIVERSI


राष्ट्रीय सेवा योजना
डॉ वीरेन्द्र स्वरूप इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्ट
महाकुंभ–2025


महाराज विश्वविद्यालय कानपु
दिवस समारोह












छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर




छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
गणतंत्र दिवस समारोह




छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
गणतंत्र दिवस समारोह






छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
प्रेरणा स्रोत
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
संरक्षक
प्रो. विनय कुमार पाठक
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर
"Yoga for One Earth, One Health"
''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग''
सूर्य नमस्कार योग मुद्रा कार्यक्रम


Kanpur, Uttar Pradesh, India
Auraiya, Uttar Pradesh, India
Kanpur, Uttar Pradesh, India


GREEN PARK
राष्ट्रीय सेवा योजना
Kanpur, Uttar Pradesh, India
9, Anandeshwar Mandir Rd, Green Park, Pe
Kanpur, Uttar Pradesh 208001, India
Lat 26.480211° Long 80.347506°
Unnao, Uttar Pradesh, India
Gfpj+8pf, Hiran Nagar, Unnao, Uttar Prad
209801, India
Lat 26.535816° Long 80.481753°
Kanpur, Uttar Pradesh, India
620/118/a, Naralanagar, Juhi Kalan, Juhi, Kanpur, Uttar
Pradesh 208014, India


Kanpur, Uttar Pradesh, India
9, Anandeshwar Mandir Rd, Green Park, Permat,
Kanpur, Uttar Pradesh 208001, India
Lat 26.480287° Long 80.347346°
21/06/2025 07:17 AM GMT +05:30


"Yoga for One Earth, One Health"
"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग"
सूर्य नमस्कार योग मुद्रा कार्यक्रम
दिनांक 21 जून 2025,
दिन शनिवार, समय : प्रातः 7 बजे
कार्यक्रम स्थल : संघ वन, किदवई नगर, कानपुर
Kanpur, Uttar Pradesh, India
128/5, Opposite Sanjayvan Park, H2 Block, Kidwai Nagar, Kanpur,
Uttar Pradesh 208011, India
Lat 26.430583° Long 80.326685°
21/06/2025 07:46 AM GMT +05:30


Unnao, Uttar Pradesh, India
Gfpj+8pf, Hiran Nagar, Unnao, Uttar Pradesh
209801, India
Lat 26.53585° Long 80.481701°
21/06/2025 08:22 AM GMT +05:30

# राष्ट्रीय युवा-संसद विश्वविद्यालय स्तरीय आयोजित प्रतियोगिता



























# स्वच्छता पखवाड़ा




## छत्रपति शाहूजी जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना
डा बी सी राय इकाई (पंचम इकाई)



**प्रेरणा स्रोत**
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल
उत्तर प्रदेश



**संरक्षक**
प्रो0 विनय कुमार पाठक
कुलपति



**डॉ0 प्रवीन कटियार**
कार्यक्रम अधिकारी, पंचम इकाई
राष्ट्रीय सेवा योजना, विश्वविद्यालय परिसर

**डॉ0 श्याम मिश्रा**
समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

**डॉ0 अनिल कुमार यादव**
कुलसचिव
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

विश्वविद्यालय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना की पंचम इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के द्वितीय दिन, 18 सितंबर 24 को विश्वविद्यालय परिसर में कूड़ा एकत्र करने का अभियान चलाया गया।

स्वयंसेवकों ने परिसर में फैले कूड़े को एकत्र कर उसे निर्धारित स्थान पर रखा तथा परिसर में विद्यार्थियों को कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही फेंकने हेतु जागरूक कर उनसे सहयोग के लिए निवेदन किया।















स्वच्छता पखवाड़े के चतुर्थ दिन दिनांक 20 सितंबर 2024 को विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ एवं पंचम इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा पनकी मंदिर, पनकी में स्वच्छता अभियान चलाया गया, साफ सफाई की गई एवं कूड़ा एकत्रित किया गया।










विश्वविद्यालय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना की पंचम इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के तृतीय दिन 19 सितंबर 24 को कल्याणपुर क्षेत्र में आशा देवी मंदिर एवं सब्जी मंडी में साफ सफाई की गई तथा नागरिकों को स्वच्छता के लाभ बताकर उन्हें साफ सफाई के प्रति प्रेरित किया गया।

# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ














# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ















# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ







नही दिया गया। मतदाता सूची भी दु... अध्यक्ष अखिलेश जी ने कार्यकर्ताओं व मतदा... मद्देनजर माननीय आयोग को जो कुछ कहा वह उस... हो सकता है। प्रदेश सचिव ने कहा कि यदि सपा मुखिया ... द्वारा कोई कार्यवाही होती है तो प्रदेश का कार्यकर्ता व पीडीए के चुप नही बैठेगें और मार्यादित ढंग से विरोध जताया जायेगा।

**गौरियापुर में पर्यावरण संरक्षक सर्वधन के लिए ...रला द्विवेदी महाविद्यालय के तत्वाधान मे लगे पौधे**

...देहात, 14 फरवरी। ...को अकबरपुर क्षेत्र के ...गांव में स्वस्थ जीवन ...वरण संरक्षण संवर्धन ...लिए सरला द्विवेदी ...द्यालय अकबरपुर के पूर्व ... अनिल द्विवेदी राष्ट्रीय ...योजन कार्यक्रम अधिकारी ...नेतृत्व में सुभाष इकाई एवं ...सकों ने पीपल बरगद नेम ...गूलर सहजन करौंदा अनार ...आदि पौधे रोपित किया ...पौधों के देखभाल का ...लेकर गांव के लोगों से ...उपयोग के दुष्परिणाम ...अवगत कराया ...अधिकारी

गौरियापुर में पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए वृक्षारोप... द्विवेदी महाविद्यालय के स्वयं सेवक के साथ पूर्व प्र... ...विता द्विवेदी व छात्राएं, छाया:आज।












# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तृतीय


















# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ























# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ






# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पंचम















# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पंचम
























# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पंचम



# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ


















## राष्ट्रीय सेवा योजना षष्ठम इकाई























# महाविद्यालय इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम







**सत्र 2024-25 में डी.एस.एन. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान दिया। इकाई को पर्यावरण प्रहरी सम्मान प्राप्त हुआ, साथ ही स्वयंसेवकों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह (नई दिल्ली), गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार, स्वामी विवेकानंद पुरस्कार और कर्मवीर पुरस्कार जैसे सम्मान अर्जित किए। स्वयंसेवकों ने My Bharat प्रशिक्षण, गणतंत्र दिवस परेड शिविर, सड़क सुरक्षा अभियान, रक्तदान व जनजागरूकता शिविर, राष्ट्रीय युवा दिवस और गणतंत्र दिवस झांकी प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इन गतिविधियों ने इकाई के स्वयंसेवकों में सेवा भावना, नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व को और सुदृढ़ किया।**









## राष्ट्रीय स्तर की सहभागिता

- गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु चयन (नवम्बर 2024)
- गणतंत्र दिवस झांकी प्रतियोगिता में पुरस्कृत (26 जनवरी 2025)
- राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्रीय सम्मेलन (नई दिल्ली, 24–25 अप्रैल 2025)
- मतदाता जागरूकता अभियान हेतु प्रशस्ति पत्र (25 जनवरी 2025)
- राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश के आगमन अवसर पर सहभागिता (15 मई 2025)










# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम




राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य छात्रों में सेवा-भाव, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई ने सत्र 2024–25 के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए, जिनसे विद्यार्थियों में समाजसेवा और राष्ट्रीय चेतना का विकास हुआ।

प्रमुख गतिविधियाँ

1. योग दिवस (21 जून 2024):
स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया।

2. वृक्षारोपण अभियान (07 जुलाई 2024):
महाविद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

3. हर घर तिरंगा यात्रा एवं स्वतंत्रता दिवस (10–15 अगस्त 2024):
प्रभात फेरी, रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय ध्वज का महत्व समझाया गया।

4. स्वच्छता पखवाड़ा (17 सितम्बर – 02 अक्टूबर 2024):
महाविद्यालय व आस-पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिया गया।

5. एन.एस.एस. स्थापना दिवस (24 सितम्बर 2024):
इस अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठियों का आयोजन हुआ।

6. महात्मा गांधी जयंती (02 अक्टूबर 2024):
श्रद्धांजलि सभा एवं स्वच्छता अभियान के माध्यम से गांधी जी के विचारों को याद किया गया।

7. संविधान दिवस (23 नवम्बर 2024):
छात्रों को संविधान के मूल सिद्धांतों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।

8. एड्स दिवस (01 दिसम्बर 2024):
एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संवाद और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

9.विशेष शिविर – ग्राम टेउफूगां, बांगर (18–24 मार्च 2025):
ग्राम्य परिवेश में आयोजित इस 7-दिवसीय शिविर में स्वास्थ्य, स्वच्छता, साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, वृक्षारोपण, रक्तदान और सामाजिक जागरूकता पर विविध गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

## स्वयं सेवकों ने डोर-टू-डोर चलाया शिक्षा जागरुकता अभियान

लोकभारती न्यूज ब्यूरो

**बांगरमऊ-उन्नाव।** इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय की सद्भावना इकाई द्वारा ग्राम जमुनिया बंगर में शिविर के छठे दिन रविवार कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों की टीमों में विभाजित किया गया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों को प्रौढ़ शिक्षा, नारी शिक्षा, अक्षर ज्ञान व पढ़ना-लिखना सिखाया। इसके बाद स्वयंसेवकों की गांव में रैली निकाली गई। जिसमें स्वयंसेवकों ने सभी समस्याओं का हल, शिक्षा देगी बेहतर कल। हम सब का सपना-शिक्षित हो देश अपना। शिक्षा जीवन का आधार-इसके बिना सब बेकार। नारी शिक्षित पूरा घर शिक्षित। नारी को पढ़ाना, देश को आगे बढ़ाना है, के नारे लगाते हुऐ लोगों को जागरूक किया। दिन के दूसरे सत्र से कार्यक्रम अधिकारी ने प्राकृतिक शिक्षा व योग पर व्याख्यान दिया। बताया कि प्राकृतिक रूप से हमें अपने खान-पान में शुद्धता रखना चाहिए तथा खाद रहित आर्गेनिक चीजों का उपयोग करना चाहिए। इससे हमारे शरीर में बीमारियां कम होंगी।

जंक फूड पिज्जा बर्गर आदि उपयोग नहीं करना चाहिए। घर में बना हुआ खाना खाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कम से कम 40 मिनट का योगाभ्यास करना चाहिए। जिससे हमारा शरीर और मन तरोताजा रहता है। योग करने से हमारे कार्य करने की क्षमता बढ़ जाती है और इससे हम अपना पूर्ण योगदान किसी कार्य में दे सकते हैं। व्यायाम और योग करने से शरीर निरोगी रहता है तथा बीमारियां होने की संभावनाएं कम होती हैं।



## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ



लोकभारती न्यूज ब्यूरो

**बांगरमऊ-उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ0 धर्मेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में गोद लिए गांव जमुनिहा बंगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष

प्राचार्य डॉ0 विष्णु मिश्रा द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सरस्वती गीत आंचल, अंशु, सिमरन, हर्षिता, निवेदिता ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ0 विष्णु मिश्रा ने कहा सभी छात्र स्वयंसेवी

स्वास्थ्य शिक्षा आदि के लिए कार्य करते हैं। सभी छात्र अपना लक्ष्य अवश्य निर्धारित करें। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने दिया। कार्यक्रम में समस्त अध्यापकों व स्वयंसेवीयो ने संकल्प गीत हम होंगे कामयाब... प्रस्तुत किया गया।

## सभी समस्याओं का हल बेहतर शिक्षा देगी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,बांगरमऊ उन्नाव:** इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय की सद्भावना इकाई द्वारा ग्राम जमुनिया बंगर में शिविर के छठे दिन विगत दिवस कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दिवेदी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों को टीमों में विभाजित किया गया। स्वयंसेवकों ने घर घर जाकर ग्रामीणों को प्रौढ़ शिक्षा, नारी शिक्षा, अक्षर ज्ञान व पढ़ना लिखना सिखाया। इसके बाद स्वयंसेवकों की गांव में रैली निकाली गई। जिसमें स्वयंसेवकों ने सभी समस्याओं का हल शिक्षा देगी बेहतर कल। हम सब का सपना शिक्षित हो देश अपना। शिक्षा जीवन का आधार इसके बिना सब बेकार नारी शिक्षित पूरा घर शिक्षित। नारी को पढ़ाना देश को आगे बढ़ाना है के नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। दिन के दूसरे सत्र में कार्यक्रम अधिकारी ने प्राकृतिक शिक्षा व योग पर व्याख्यान दिया, प्राकृतिक रूप से हमें अपने खान-पान में शुदता रखना चाहिए तथा खाद रहित ऑर्गेनिक चीजों का उपयोग करना चाहिए। इससे हमारे शरीर में बीमारियां कम होंगी। जंक फूड पिज्जा बर्गर आदि उपयोग नहीं करना चाहिए। घर में बना हुआ खाना खाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कम से कम 40 मिनट का योगाभ्यास करना चाहिए। जिससे हमारा शरीर और मन तरोताजा रहता है। योग करने से हमारे कार्य करने की क्षमता बढ़ जाती है और इससे हम अपना पूर्ण योगदान किसी कार्य में दे सकते हैं। व्यायाम और योग करने से शरीर निरोगी रहता है तथा बीमारियां होने की संभावनाएं कम होती हैं।



## जमुनिहा बंगर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव: स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डा.धर्मेंद्र दिवेदी के नेतृत्व में गोद लिए गांव जमुनिहा बंगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के ससदिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विष्णु मिश्रा द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सरस्वती गीत आंचल, अंशु, सिमरन, हर्षिता, निवेदिता ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य डा.विष्णु मिश्रा ने कहा सभी छात्र स्वयंसेवी है। जो देश हित में प्राकृतिक आपदा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य शिक्षा आदि के लिए कार्य करते है। सभी छात्र अपना लक्ष्य अवश्य निर्धारित करें। धन्यवाद ज्ञापन डा.धर्मेंद्र कुमार दिवेदी ने दिया। कार्यक्रम में समस्त अध्यापकों व स्वयंसेवियों ने संकल्प गीत हम होंगे कामयाब की प्रस्तुति की कार्यक्रम का संचालन डा.दिग्विजय नारायण ने किया।

## इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया





प्राचार्य प्रो. सदानंद राय ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के द्वितीय चरण प्रथम स्थान प्राप्त महक शर्मा, द्वितीय स्थान प्राची श्रीवास्तव, तृतीय स्थान वर्षा व अपूर्वा सिंह को …साहित किया। निर्णायक मंडल में डॉ० सविता राजन, डॉ० सुनीता निरंकारी, डॉ शैलजा त्रिपाठी रहीं।

(निज संवाददाता) …मऊ-उन्नाव 23 सितंबर …प्रहरी) स्थानीय इंदिरा गां… राजकीय स्नातकोत्तर …विद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर …नंद राय की अध्यक्षता व …य सेवा योजना कार्यक्रम …कारी डॉ० धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत यहां के रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयं सेवियों जितेंद्र, गोविंद, अपूर्व, अपूर्वा, शिल्पी, राहुल, शिवम, सूरज, राजकुमार, शिवप्रकाश व सौरभ आदि द्वारा सर्वप्रथम झाड़ू लगाकर डिस्पोजल बोतलें पन्नियों को एकत्रित किया गया। साथ ही नियमानुसार कूड़े का निस्तारण किया गया। इसके अलावा रेलवे स्टेशन से स्वच्छता रैली भी निकाली गई। रैली में स्वच्छता के नारों के जरिए आम जनता से सार्वजनिक संपत्ति रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अस्पताल आदि को साफ रखने की अपील की गई। अभियान में डॉ० दिग्विजय नारायण, डॉ० रवि राज वर्मा, डॉ० अभय राजपूत व डॉ० अभिषेक कुमार के अलावा कर्मचारी कन्हैयालाल, संदीप अवस्थी व जितेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## महाविद्यालय में शिविर के चौथे दिन कराया गया योगासन

बांगरमऊ-उन्नाव। इंदिरागांधी राजकीय महाविद्यालय की सद्भावना इकाई द्वारा ग्राम जमुनिया बँगर में शिविर के चौथे दिवस सत्र की शुरुआत व्यायाम से हुई। कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा स्वयं सेवकों को कपालभाति, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, मंडूकासन आदि आसन करवाए गए। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने जमुनिया बांगर स्थित प्राथमिक पाठशाला के सभी क्यारियो की चूने और गेरू से रगाई पुताई की। पूरे परिसर की सफई कर के श्रमदान किया। दिन के दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों को कार्यक्रम अधिकारी ने समाज में फैली बुराइया दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, लड़कियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के बारे में विस्तार से चर्चा की। छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया कि समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर करने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। समाज में नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान देंगे। न हम नशा करेंगे न दूसरों को नशा करने







# जागरण कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एण्ड कॉमर्स कानपुर नगर

जागरण कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई ने सत्र 2024-25 के दौरान सामाजिक जागरूकता और सेवा के उद्देश्य से अनेक सराहनीय गतिविधियाँ सम्पन्न कीं। स्वच्छता पखवाड़ा, एक दिवसीय विशेष शिविर, हेलमेट वितरण एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता जैसे अभियानों से लेकर स्वच्छता ही सेवा और सेवा से सीखें जैसे कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव जागृत किया। इकाई ने My Bharat वाली दिवाली, सात दिवसीय शिविर, रक्तदान शिविर, देव दीपावली, स्वाभिमान रैली, बस्ती में दिवाली और एक पेड़ माँ के नाम जैसे सार्थक आयोजनों से समाज सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाया। इन गतिविधियों ने न केवल स्वयंसेवकों में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना को विकसित किया बल्कि समाज के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और योगदान की भावना को भी और प्रबल बनाया।



# जागरण कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एण्ड कॉमर्स कानपुर नगर








**जागरण कॉलेज में 1 मार्च 2025 में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 250 से अधिक छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं संकाय सदस्यों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर के दौरान कुल 65 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह सफल आयोजन न केवल मानवीय संवेदनाओं को जागृत करने वाला रहा, बल्कि समाजसेवा के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी और जागरूकता को भी प्रकट करता है।**















# जागरण कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एण्ड कॉमर्स कानपुर नगर

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
























# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम





दयानन्द गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, कानपुर की एन.एस.एस. इकाई ने सत्र 2024–25 के दौरान राष्ट्रीय विकास विषयों और युवाओं की भागीदारी को केंद्र में रखते हुए अनेक प्रभावी सामाजिक जागरूकता और सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया। लल्लन पुरवा झुग्गी बस्ती में आयोजित 7-दिवसीय विशेष शिविर में नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, मतदाता जागरूकता, साइबर सुरक्षा तथा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य अभियानों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्य किया गया, जिसका समापन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उत्साहपूर्ण आयोजन के साथ हुआ। इसके अतिरिक्त, कई एकदिवसीय शिविर भी आयोजित किए गए जिनमें एच.आई.वी./एड्स, फाइलेरिया, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। "मेरा भारत," स्वच्छता अभियान और मिशन शक्ति के अंतर्गत व्यापक पहलें की गईं, जिनमें वृक्षारोपण, मतदाता साक्षरता अभियान और डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण जैसे कार्यों में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।






**उपलब्धियाँ:**

**एन.एस.एस. स्वयंसेवक हुज़ैफा परवीन ने नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह और एमिटी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा, रूपल श्रीवास्तव और हिया मिश्रा ने विकसित भारत युवा संसद के राज्य स्तरीय चरण के लिए क्वालीफाई किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता सिरोही को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए एन.एस.एस. प्राधिकरण और आर.टी.ओ. कानपुर द्वारा सम्मानित किया गया, जो इकाई की छात्र-छात्राओं के समग्र विकास और राष्ट्रीय सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।**
















# दयानन्द गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, कानपुर नगर



























**डॉ0 वीरेंद्र स्वरूप इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, कानपुर नगर**

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम












सत्र 2024-25 में वीरेन्द्र स्वरूप प्रोफेशनल स्टडीज़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विविध सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।

इकाई द्वारा आयोजित स्वच्छता रैली, यातायात जागरूकता रैली, मतदाता जागरूकता रैली एवं महिला जागरूकता रैली ने न केवल कॉलेज परिसर बल्कि ग्रामीण व शहरी समुदाय को भी जागरूक किया। पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत दहेज मुक्ति, नशामुक्त भारत एवं शिक्षा के महत्व पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया, जिसमें योग विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया।

इन सभी गतिविधियों में प्राचार्य महोदय, विभागाध्यक्षगण, कार्यक्रम अधिकारी तथा स्वयंसेवकों का सहयोग सराहनीय रहा। सत्र भर चलने वाली इन गतिविधियों ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता तथा समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को और अधिक सशक्त किया।








# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम







राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, जिम्मेदारी और नेतृत्व की भावना को विकसित करती है। इसका मूल मंत्र "मैं नहीं, अपितु आप" स्वयंसेवकों को समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। पंडित पृथी नाथ (पी.जी.) महाविद्यालय की इकाई सत्र 2024–25 के दौरान भी समाज कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता अभियानों में अग्रणी रही। यहाँ के स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी से जनसेवा की मिसाल कायम की। सत्र की शुरूआत अगस्त 2024 में काकोरी ट्रेन शताब्दी वर्ष से हुई, जिसके अंतर्गत कारगिल पार्क, मोतीझील में स्वच्छता अभियान चलाया गया और शहीदों की स्मृति में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इसी क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्रों को देशभक्ति और तिरंगे के महत्व से अवगत कराया गया। छात्राओं की सुरक्षा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने हेतु 28 अगस्त को आत्मरक्षा शिविर का आयोजन हुआ।सितम्बर माह में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम और विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर संवाद सत्र एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गईं। इन गतिविधियों ने मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक दृढ़ता और आशा का संदेश समाज तक पहुँचाया। अक्टूबर से जनवरी तक लगातार चार माह चलने वाले सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना निवारण अभियान ने यातायात अनुशासन को जीवन मूल्यों से जोड़ने का संदेश दिया। इसी दौरान स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर 40 से अधिक स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की।















मिशन शक्ति चरण-5 (27 अक्टूबर – 10 दिसम्बर 2024) के अंतर्गत निबंध, पोस्टर, स्लोगन लेखन, रंगोली, व्याख्यान और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों ने छात्राओं में आत्मविश्वास जगाया और समाज में महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा की दिशा में प्रभावशाली संदेश दिया। महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई का लक्ष्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि युवाओं में सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है। इस सत्र में आयोजित विविध गतिविधियों के माध्यम से इकाई ने समुदायिक सेवा, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा प्रसार और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित कर यह इकाई भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम













**राष्ट्रीय सेवा योजना (गणेश शंकर विद्यार्थी इकाई), ब्रह्मानंद पीजी कॉलेज, कानपुर नगर**

**ब्रह्मानंद पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने वर्ष 2024-25 में विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवधि में आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:**

1. **सड़क सुरक्षा कार्यक्रम: इस कार्यक्रम के अंतर्गत आई पी एस अधिकारी श्री अरूण कुमार ने स्वयंसेवक अथर्व मिश्रा को उनके योगदान के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।**
2. **अंतर्ध्वनि कार्यक्रम: वि. एस. एस. डी. कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रह्मानंद कॉलेज की एनएसएस इकाई ने भाग लिया। ब्रह्मानंद कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।**
3. **ई एल पी इन एग्रीकल्चर ओरिएंटेशन प्रोग्राम: ब्रह्मानंद कॉलेज के छात्रों ने कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों और पहलुओं की जानकारी हेतु इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में भाग लिया।**
4. **26 जनवरी 2024 – यूनिवर्सिटी झांकी प्रदर्शन: गणतंत्र दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित झांकी प्रदर्शन में ब्रह्मानंद की एनएसएस इकाई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया।**
5. **प्री आर डी सम्मान समारोह: ब्रह्मानंद कॉलेज की छात्रा अनन्या पांडे को कानपुर विश्वविद्यालय में प्रो. विनय कुमार पाठक ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।**

# ब्रह्मानन्द पी.जी. कॉलेज कानपुर नगर





































Kanpur, Uttar Prades
15/112, Raghunath Puram
Uttar Pradesh 208011,
Lat 26.391729° Long
08/03/2025 11:07 A


GPS Map Camera
Pradesh, India
gar, Kanpur, Uttar Pradesh 208011, India


GPS Map Ca
Kanpur, Uttar Pradesh, India
145 - M, Kidwai Nagar, Kanpur, Uttar Prade
208011, India
Lat 26.434351° Long 80.332924°


राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Kanpur, Uttar Pradesh, India



# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम













# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम






ब्रह्मावर्त डिग्री कॉलेज में साड़ी बैंक की स्थापना

डीटीएनएन। कानपुर
कुलाधिपति एवं कुलपति की सद्प्रेरणा से समाज निर्धनतम् वर्ग की महिलाओं को (पहनने योग्य साड़ी के) उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 14 सितम्बर को 100 नई एवं पुरानी साड़ियों से महाविद्यालय में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र - छात्राओं के सहयोग से 卐साड़ी बैंक卐 की स्थापना की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) वी0के0 कटियार ने बताया कि साड़ी बैंक में न सिर्फ साड़ियाँ बल्कि बच्चों व पुरुषों के कपड़े भी वितरित किये जायेंगे। आज स्थापना दिवस पर 卐साड़ी बैंक卐 के संयोजक डॉ0 चन्द्र किशोर शास्त्री ने बताया कि लगभग 30 महिलाओं को साड़ियाँ वितरित की गई। साड़ी एवं अन्य कपड़ों के वितरण का कार्य माह के चौथे शनिवार को अनवरत् रूप से किया जायेगा। कार्यक्रम में डॉ0 अमित कुमार दुबे, डॉ0 दिनेश कुमार गौतम, अजय कुमार मिश्रा, अंकुर मिश्र, शिव शरण त्रिपाठी, विनोद कुमार कुशवाहा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के 35 स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया।

जरूरतमंद 30 महिलाओं को साड़ी वितरित की गई





























# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम









# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम






















# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम













## रामा विश्वविद्यालय
## कानपुर नगर

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम





















# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम
























# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम






























# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम



















**कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय, कानपुर नगर**

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम














राष्ट्रीय सेवा योजना
कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय
(सम्बद्ध छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय)
"संविधान दिवस"
26/11/2024





# महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ





















# महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ





















रामसहाय राजकीय महाविद्यालय, शिवराजपुर, कानपुर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तहत विभिन्न जनजागरुकता और राष्ट्रहित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, देशभक्ति, और सेवा भावना बढ़ाना था। प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल हैं:

स्वच्छता ही सेवा अभियान: स्वच्छता अभियान चलाया गया, रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता अपनाने प्रेरित किया गया।

मतदाता जागरूकता अभियान: मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम हुए, जिसमें मतदान के महत्व और प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

मिशन शक्ति: महिला सशक्तिकरण के लिए जागरुकता कार्यक्रम हुए, महिलाओं को अधिकार, आत्मरक्षा, और आत्मनिर्भरता के बारे में जानकारी दी गई।

तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियान: तिरंगा यात्रा निकाली गई, लोगों को घरों पर तिरंगा फहराने प्रेरित किया गया।
विशेष शिविर और सामाजिक जागरुकता: शिक्षा, पर्यावरण, नशा मुक्ति जैसे मुद्दों पर जागरुकता कार्यक्रम हुए।

इन कार्यक्रमों का आयोजन डॉ. सत्येन्द्र कुमार के निर्देशन और प्रो. अपर्णा सिंह के मार्गदर्शन में हुआ, जिससे छात्रों में सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना बढ़ी और समाज में जागरुकता आई।

# महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ


























# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम





गौरियापुर में पर्यावरण संरक्षक सर्वधन के लिए
...ला द्विवेदी महाविद्यालय के तत्वाधान मे लगे पौधे

...देहात, 14 फरवरी। ...को अकबरपुर क्षेत्र के ...गांव में स्वस्थ जीवन ...वरण संरक्षण संवर्धन ...लए सरला द्विवेदी ...द्यालय अकबरपुर के पूर्व ...अनिल द्विवेदी राष्ट्रीय ...योजन कार्यक्रम अधिकारी ...नेतृत्व में सुभाष इकाई एवं ...सेवकों ने पीपल बरगद नीम ...गूलर सहजन करौदा अनार ...आदि पौधे रोपित किया ...पौधों के देखभाल का ...

गौरियापुर में पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए वृक्षारोपण ... द्विवेदी महाविद्यालय के स्वयं सेवक के साथ पूर्व ... द्विवेदी व छात्राएं, छाया:आज।













# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम


















# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम












## तिलक महाविद्यालय औरैया

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम






















तिलक महाविद्यालय, औरैया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने वर्ष 2025 में समाजहित एवं जागरूकता को केंद्र में रखते हुए अनेक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। 22 फरवरी को स्वयंसेवकों ने स्वच्छता रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताया। इसके पश्चात 28 फरवरी को यातायात जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। 03 मार्च को मतदाता जागरूकता रैली में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताया गया। 06 मार्च को महिला जागरूकता रैली में बेटियों की शिक्षा, महिला अधिकारों और सशक्तिकरण पर बल दिया गया। 07 मार्च को पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने दहेजमुक्त एवं नशामुक्त भारत की शपथ ली तथा शिक्षा को व्यक्तित्व विकास का साधन बताया गया। इसी क्रम में 21 जून को ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें प्रशिक्षक विशाल योगी ने प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। इन सभी आयोजनों में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रवि कुमार, कार्यक्रम अधिकारी श्री जयसिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे। निस्संदेह, इन कार्यक्रमों ने स्वच्छता, यातायात नियमों, मतदान, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं योग जैसे विषयों पर समाज में नई चेतना जगाने का कार्य किया।

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम


















# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम









के.के.कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत सत्र 2024 -25 में वर्ष में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत 12 अप्रैल 2024 को मतदाता जागरूकता हेतु वृहद पैमाने पर हस्ताक्षर कार्यक्रम तथा मास भर मतदाता जागरूकता रैली की गई। साथ ही मतदाता को जागरूक करने हेतु दिनांक 3 मई 2024 को दीपोत्सव कार्यक्रम पक्के तालाब पर मनाई गई। 21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ,क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं सीएसजेएमयू कानपुर के दिशा निर्देशानुसार एनएसएस इकाई के. के.कॉलेज इटावा द्वारा सराय एसर ग्राम में योग शिविर का आयोजन किया गया। दिनांक 22.7.2024 को शासन के निर्देशन पर जल संरक्षण पर संगोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया जिसमें पंचायती राज महाविद्यालय के प्राचार्य तथा कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र सिंह द्वारा विस्तृत परिचर्चा की गई। कार्यक्रम का संयोजन प्रोफेसर शिवराज सिंह भूगोल विभाग अध्यक्ष ने किया। दिनांक 30 जुलाई 2024 को बजट सत्र पर स्वयंसेवकों को विस्तृत जानकारी दी गई । हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अगस्त माह में कई प्रोग्राम आयोजित किए गए| दिनांक 16 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय के निर्देशन में फाइलेरिया जागरूकता एवं उनके उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया |इस अवसर पर बताया गया कि इससे रोकथाम के लिए प्रत्येक वर्ष एक डोज दवा का सेवन करना चाहिए 5 वर्षों तक एक बार डोज दवा का सेवन करने से फाइलेरिया होने से पूरी तरह बचा जा सकता है । दिनांक 11 /9 /2024 को AIDS जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। 13.9.2024 को महिला सशक्तिकरण पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ तथा इसके साथ ही एक रैली का भी आयोजन किया गया ,इसके साथ वर्ष में सड़क सुरक्षा को लेकर रोड सेफ्टी पखवाड़ा मनाया गया। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा पर पर पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाई गई लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया स्वच्छता ही सेवा अभियान में विभिन्न प्रकार के रैली एवं संगोष्ठी आदि का आयोजन किया गया । संविधान दिवस 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस पर संविधान प्रश्नोत्तरी तथा "भारतीय संविधान लोकतंत्र का प्रहरी" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया इसके तहत संविधान की महत्व पर एक निबंध का भी कार्यक्रम आयोजित की गई । ELP प्रोग्राम के तहत police कार्यशाली के तहत 10 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया । स्वास्थ्य जागरूकता, आहार संबंधी जागरूकता और विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान चलाए गए। दिनांक 24 फरवरी 2025 को साइबर सुरक्षा पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से स्वयंसेवकों को जागरूक किया गया तथा उन्हें बताया गया कि वह अपने आसपास के लोगों को किस प्रकार से साइबर fraud आदि से बचने के लिए सतर्क रहें । सराय एसर ग्राम में चार एक दिवसीय शिविर तथा एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया।

# के.के. कॉलेज इटावा


कर्मक्षेत्र महाविद्यालय इटावा
K.K. COLLEGE, ETAWAH


स्वच्छता ही सेवा 2024


2025/2/25 12:37


एक दिवसीय शिविर
2025/3/1 13:37


कर्मक्षेत्र महाविद्यालय इटावा
राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)


GPS Map Camera
Etawah, Uttar Pradesh, India
K K Degree College, Professor Colony, Purbia Tola,
Etawah, Uttar Pradesh 206001, India
Lat 26.780117° Long 79.012184°
21/06/2025 08:10 AM GMT +05:30
Google

# महाविद्यालय इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम




**सेवा से बदलाव की ओर**

चौधरी चरण सिंह पी.जी. कॉलेज, हसनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिक्षा को समाज से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कॉलेज का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका असर समाज पर भी दिखना चाहिए। इसी सोच के साथ हमारे स्वयंसेवक विद्यार्थी वर्षभर समाजहित के कार्यों में सक्रिय रहते हैं और गाँव-गाँव तक सेवा का संदेश पहुँचाते हैं।

सत्र 2024-25 में इकाई ने कई उल्लेखनीय कार्य किए। “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के अंतर्गत 600 से अधिक पौधे लगाए गए और “स्वच्छता ही सेवा” कार्यक्रम में कॉलेज, छात्रावास, अस्पताल और चौक-चौराहों पर सफाई अभियान चलाए गए। इन प्रयासों में 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इसी तरह “मिशन शक्ति” के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना विकसित हुई।

कॉलेज के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। पटना, नई दिल्ली, लखनऊ और बरेली विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों और शिविरों में हमारे स्वयंसेवकों ने भाग लेकर कॉलेज का नाम रोशन किया। इसके साथ ही यातायात सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य जांच जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई गई।

फरवरी-मार्च 2025 में ग्राम ओसनीपुरा में 7 दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर के दौरान वृक्षारोपण, भोजन वितरण, रक्तदान शिविर, खेलकूद प्रतियोगिता और विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन गतिविधियों में गाँव के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सेवा के इस अभियान को सफल बनाया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का यह सतत प्रयास है कि विद्यार्थी केवल पढ़ाई तक सीमित न रहें, बल्कि समाज की वास्तविक ज़रूरतों को समझते हुए बदलाव के वाहक बनें। यही सेवा और शिक्षा का संगम भविष्य के भारत को और सशक्त बनाएगा।

# चौधरी चरण सिंह पी.जी. कॉलेज, इटावा












## एनएसएस स्वयंसेवकों ने की मंदिर की सफाई

### सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए भजन-कीर्तन

संवाद न्यूज एजेंसी

सैफई। चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हेंवरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने ग्राम वैदपुरा में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर और गोशाला में साफ सफाई की।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज कुमार के नेतृत्व में 28 फरवरी से 6 मार्च तक एनएसएस का शिविर चल रहा है। शनिवार को स्वयंसेवकों ने ग्राम वैदपुरा स्थित प्राचीन राम-सीता एवं शिव मंदिर में साफ सफाई की। मंदिर ट्रस्टी अखिलेश तिवारी ने बताया कि यह ऐतिहासिक मंदिर 353 वर्ष पुराना सिद्ध स्थल है। स्वच्छता अभियान के दौरान मंदिर परिसर से सिंगल यूज प्लास्टिक, पालिथिन, पाउच, बोतलें आदि एकत्रित कर निस्तारित की गईं। स्वयंसेवकों ने मंदिर क्षेत्र में स्थित गोशाला में भी सफाई अभियान चलाया। गोशाला जाने वाले मार्ग, मुख्य द्वार एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ किया गया। इसमें ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गों ने भी सहभागिता की। सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओं ने भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में राम, कृष्ण और शिव भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य वंदना, दिनेश कुमार, तबस्सुम, पूजा यादव सहित 50 स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग दिया।

स्वच्छता अभियान में शामिल स्वयंसेवक। स्रोत :स्वयं



## ...री चरण सिंह कॉलेज इटावा में यूथ पार्लियामेंट 2025 का हुआ शुभ...

### देश के विकास में युवाओं का योगदान है अति महत्वपूर्ण

...र।। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल ... द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय विकसित भारत यूथ ... 2025 का आयोजन चौधरी चरण सिंह ... में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ... महाविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना ... उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रति ... रमाकांत यादव जी द्वारा किया गया। इस ... अपने उद्बोधन में प्रति कुलपति जी ने सभी युवाओं ... किया कि वे देश के विकास में भागीदार बनें और ... मजबूत करने में अपने प्रयासों को गति प्रदान ... विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना ... लखनऊ से पधारे श्री अश्वनी कुमार द्वारा सभी ... क्षेत्रीय निदेशक श्री समरदीप सक्सेना जी का ... संदेश दिया और कार्यक्रम हेतु शुभकामनाएं प्रदान ... अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय ...

प्रकाश डाला गया। प्राचार्य प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत के साथ साथ मंत्रालय और विश्वविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद दिया। युवाओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य शर्मा जी ने कहा कि युवा अपनी शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियों में भी प्रतिभाग करना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास होगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज कुमार द्वारा विषय प्रवर्तन किया गया और सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य फतेह बहादुर सिंह यादव एवं मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. अरविंद कुमार यादव तथा विभिन्न संकायों के विभाग अध्यक्ष और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रो. नीति, प्रो. सरोज यादव, सुश्री सोनिका चंद्रा, पूर्व जिला कल्याण अधिकारी श्री हरिशंकर तिवारी एवं डॉ. आदित्य कुमार रहे जिन्होंने बड़े ही धैर्यपूर्वक सभी प्रतिभागियों को सुना और अपने निर्णय को नोट किया। बताते चलें कि यह कार्यक्रम पूरे भारत में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र माय भारत द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय हेंवरा

स्क्रीनिंग समिति द्वारा परीक्षण करने के उपरांत ... प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया है। आज प्रथम ... प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ... चुनाव विषय पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए ... इसके लाभ और इसकी चुनौतियों के बारे में ... विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को लेकर सुबह से ... जोश देखा गया जहाँ महाविद्यालय के एन एस एस ... एक सप्ताह से भव्य आयोजन की तैयारियों कर ... दिवस के प्रतिभागियों को दिन समाप्त के अवसर ... जनता कॉलेज बकेवर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ ... यादव, निर्णायक मंडल एवं अन्य शिक्षक ... प्रतिभागिता प्रमाणपत्र और मेडल देकर उत्साहवर्धन ... आज जनपद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई वाले ... बकेवर, के के कॉलेज इटावा, चौधरी सुघर ... तिरुपति बालाजी महाविद्यालय इटावा के कार्यक्रम ... और स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिभाग किया ...



## ... थाने में सीखी पुलिस की कार्यशैली

**50** छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**10** एनएसएस छात्रों को आज दी गई जानकारी

...ागरण • सैफई : ...वा कार्यक्रम एवं ... राष्ट्रीय सेवा ...स) निदेशालय ...र प्रदेश पुलिस ... प्रयास से स्पेल ...शिक्षण कार्यक्रम ... में किया जा रहा ...ी चरण सिंह ... 10 एनएसएस ... व्यवस्था और ... की बुनियादी ... लिए आमंत्रित

...नाट मी बट यू ...माज सेवा और ...के उद्देश्य से इन ... कार्यप्रणाली को ...मझने, उनकी ... जानने और ...एं जैसे 112, ...क्षा, और बाल ...त्वपूर्ण जानकारी ... अवसर मिला। ... के दौरान अंडर ...दानंद सिंह एवं ...ोर सिंह ने छात्रों ...ता के प्रविधानों और पुलिस की भूमिका के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। छात्रों ने थाने में पुलिस अधिकारियों के साथ संवाद कर यह समझा कि समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। छात्र हर्षित राज रघुवंशी, दिवाकर चौरसिया, अभिषेक आनंद, और आदर्श ने बताया कि इस प्रशिक्षण ने उन्हें पुलिस की जिम्मेदारियों को समझने में मदद की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्रों को पुलिस प्रशिक्षण का यह अवसर प्रदान करना गर्व की बात है। एनएसएस नोडल अधिकारी डा. नीरज कुमा... यादव ने कहा कि यह 30 दिवसीय कार्यक्रम छात्रों को पुलिस की कार्यशैली की गहरी समझ देने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा। जनपद के बकेवर, जसवंतनगर, सैफई और वैदपुरा थाने में संचालित किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन 50 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र • स्वयं

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम

























# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम






**चौ. सूघर सिंह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सत्र 2024-25 में अनेक सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया। अगस्त माह में घर-घर तिरंगा अभियान और विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ, वहीं सितम्बर माह में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर, सार्वजनिक स्थलों और पुस्तकालयों में सफाई अभियान चलाया गया तथा स्थापना दिवस पर स्वच्छ भारत का संदेश दिया गया। अक्टूबर में माई इंडिया ड्राइव के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने अस्पतालों और बाजारों में सेवा कार्य किए, दिसंबर में SPEL Phase-2 कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार एवं कौशल-विकास गतिविधियाँ आयोजित की गईं। मार्च 2025 में सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य परीक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियाँ संपन्न हुईं। इसके साथ ही 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया, जिसमें सामूहिक योगाभ्यास द्वारा स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक चेतना का विकास हुआ तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।**

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम




























Tuesday 7th January 2025 morningindianews289@gmail.com website: https://morningindianews.live/

**चौ. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी की एनएसएस इकाई द्वारा स्पेल फेज टू शुभारम्भ हुआ**

**स्पेल फेज टू के तहत 120 घंटे प्रशिक्षण दिया जायेगा**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय और उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्पेल फेज टू के अंतर्गत थाना जसवंतनगर में मंगलवार को प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसके तहत प्रथम पुलिस विभाग का परिचय विषय का प्रशिक्षण उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एन०एस०एस०कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।



# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम










**नेहरू कॉलेज**
**छिबरामऊ, कन्नौज**

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम

## HAR GHAR TIRANGA






## विभिन्न महाविद्यालय के द्वारा तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम



HAR GHAR TIRANGA











# नेहरू कॉलेज
# छिबरामऊ, कन्नौज




















# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम



# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम



ाई भारत वाली के तत्वाव

## ात्र-छात्राओं ने चलाय।
## स्वच्छता अभियान




स्वच्छता अभियान में भाग लेते छात्र-छात्रायें मौजूद शिक्षक










फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विकसित भारत.. चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर के शुभारम्भ पर प्रथम दिवस पर छात्राओं को जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य शिविर में प्रशिक्षु डॉ. रविंद्र कुमार निषाद, डॉ. अनुराग सिंह परमार, डॉ. अरहत उपाली, डॉ. इंद्र कुमार राय ने समस्त छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया साथ ही शिक्षक साथियों कर्मचारियों एवं अन्य




स्वास्थ्य शिविर में जानकारी देते चिकित्सक



# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम








































## स्वयं सेवकों ने गांव में सम्पर्क कर लोगों के लिए जनांकिकी आंकड़े

लोगों से जानकारी लेते स्वयं सेवक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर प्राथमिक विद्यालय लालपुर पट्टी में लगाया गया। शिविर के चौथे दिन का शुभारम्भ योग अभ्यास एवं एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ किया गया। स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर परिवारों से मिलकर महत्वपूर्ण जनांकिकी आंकड़े जैसे मतदाता सूची, कल्याणकारी योजना, शौचालय की उपलब्धता, पेंशन योजना, विभिन्न आयु वर्ग के बीच सर्वेक्षण कर महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्रित किए। द्वितीय बौद्धिक सत्र की शुरुआत करते हुए एनएसएस प्रभारी नरेंद्र मिश्रा ने एनएसएस की स्थापना के उद्देश्य से परिचित कराते हुए इस शिविर को सामाजिक समभाव का उदाहरण बताया। मिश्रा ने अपने वक्तव्य में अंश के माध्यम से अंशी को बचाने की बात कही। वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने विचार रखते हुए विश्व स्तर पर हो रहे प्रयासों की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों के साथ यदि नागरिक प्रयास भी जुड़ जाए तो हम विश्व के शून्य कार्बन उत्सर्जन के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रगति की चाह में हम प्रकृति का नुकसान कर रहे हैं जिसकी भरपाई संभव नहीं है। फलस्वरूप मौसम का परिवर्तन, गर्मी के बढ़ने के कारण बंदरों की समस्या, फलों का असमय पकना, फसलों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने इस बात पर चिंता जाहिर की विकास की चाह में हम पर्यावरण का जो नुकसान कर रहे हैं उससे आने वाले युवाओं को हम कैसा भविष्य देंगे इसकी कल्पना मुश्किल है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विजय कुमार सिंह, विपिन सिंह, डॉ. मनीषा सक्सेना, डॉ. मिताली, डॉ. आशीष तिवारी, ईश्वरचंद, ऋतिक गुप्ता, दिनेश चंद, अरविंद यादव, बृजेश वर्मा, एसएन सिंह मौजूद रहे।



# महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ





















# विद्या मन्दिर महाविद्यालय कायमगंज, फर्रूखाबाद























# विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा अन्य सेवा कार्यों में संलग्न कार्यक्रमों की झलकियाँ






















# विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा अन्य सेवा कार्यों में संलग्न कार्यक्रमों की झलकियाँ





















# राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सम्पर्क सूत्र

**श्री समरदीप सक्सेना**
क्षेत्रीय निदेशक
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय,
केन्द्रीय भवन, 8वॉ तल हाल नं0 1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ
कार्यालय 0522–4079533, 2337066
ई–मेल : nssrclucknow@gmail.com

**डॉ0 मंजू सिंह**
विशेषकार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकरी, उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ
कार्यालय नम्बर– 0522–2213350
ई–मेल : upsno.luck@gmail.com

**डॉ0 श्याम मिश्रा**
समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
मोबाइल नम्बर : 9450127058
ई–मेल : nsscoordinator@csjmu.ac.in

**प्रमुख वेबसाइट**

राष्ट्रीय सेवा योजना– www.nss.nic.in • रा0से0यो0 (उत्तर प्रदेश)– www.upsnss.com
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर– वेबसाइट : nss.csjmu.ac.in

**महात्मा गाँधी सेवा लीग पार्टल :–**
**https://applications.csjmu.ac.in/mgsl**

**https://mybharat.gov.in/**

युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार – www.yas.nic.in
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग – www.ugc.ac.in

# विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम की झलकियां








# राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत

उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें,
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें–2।

हम उठें उठेगा जग हमारे संग साथियों,
हम बढ़ें तो सब बढ़ेगें अपने आप साथियों,
जमीं पर आसमां के उतार दें–2।
उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें,

उदासियों को दूर कर खुशी को बांटते चलें,
गांव और शहर की दूरियों को पाटते चलें,
ज्ञान को प्रचार दें, प्रसार दें, विज्ञान को प्रचार दें, प्रसाद दें।
स्वयं सजें वसुंधरा संवाद रें– 2
उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें

समर्थ बाल, वृद्ध और नारियां रहें सदा,
हरें भरे वनों की शॉल ओढ़ती रहे धरा,
तरक्कियों की एक नई कतार दें–2।
स्वयं सजें वसुंधरा संवाद दें– 2।
उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें,

ये जाति, धर्म, बोलियाँ बने न शूल राह की,
बढ़ाए बेल प्रेम की अखंडता की चाह की,
भावना से ए चमन निखार दें, सद्‌भावना से ए चमन निखार दें।
स्वयं सजें वसुंधरा संवाद दें– 2।
उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें

उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें,
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें–2 ।